# मासिक अपराध प्रतिवेदन अगस्त 2011

माह अगस्त 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह अगस्त की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता(भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

## (माह अगस्त 2010, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 |
| 1 | हत्या | 133 | 157 | 133 | 0 | -24 | 0.00 | -15.29 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 120 | 180 | 118 | -2 | -62 | -1.67 | -34.44 |
| 3 | डकैती | 3 | 3 | 4 | 1 | 1 | 33.33 | 33.33 |
| 4 | लूट | 80 | 64 | 70 | -10 | 6 | -12.50 | 9.38 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 223 | 332 | 279 | 56 | -53 | 25.11 | -15.96 |
| 6 | बलात्कार | 131 | 196 | 155 | 24 | -41 | 18.32 | -20.92 |
| 9 | बलवा | 63 | 66 | 64 | 1 | -2 | 1.59 | -3.03 |
| 7 | नकबजनी | 390 | 393 | 454 | 64 | 61 | 16.41 | 15.52 |
| 8 | चोरी | 1860 | 1883 | 1905 | 45 | 22 | 2.42 | 1.17 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 11293 | 12995 | 11930 | 637 | -1065 | 5.64 | -8.20 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **14296** | **16269** | **15112** | **816** | **-1157** | **5.71** | **-7.11** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह अगस्त तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह अगस्त)

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अगस्त तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 955 | 957 | 1020 | 65 | 63 | 6.81 | 6.58 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 1153 | 1096 | 1071 | -82 | -25 | -7.11 | -2.28 |
| 3 | डकैती | 42 | 28 | 18 | -24 | -10 | -57.14 | -35.71 |
| 4 | लूट | 607 | 610 | 500 | -107 | -110 | -17.63 | -18.03 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 2127 | 2153 | 2315 | 188 | 162 | 8.84 | 7.52 |
| 6 | बलात्कार | 1054 | 1099 | 1301 | 247 | 202 | 23.43 | 18.38 |
| 7 | बलवा | 803 | 691 | 515 | -288 | -176 | -35.87 | -25.47 |
| 8 | नकबजनी | 3837 | 3269 | 3283 | -554 | 14 | -14.44 | 0.43 |
| 9 | चोरी | 15267 | 15084 | 14535 | -732 | -549 | -4.79 | -3.64 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 89399 | 88117 | 89292 | -107 | 1175 | -0.12 | 1.33 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **115244** | **113104** | **113850** | **-1394** | **746** | **-1.21** | **0.66** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2011 में माह अगस्त तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह अगस्त )**

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 1020 | 162 | 25.19 | 8 | 170 | 473 | 98.34 | 377 | 36.96 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 1071 | 71 | 8.93 | 21 | 92 | 703 | 97.10 | 276 | 25.77 |
| 3 | डकैती | 18 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 7 | 87.50 | 10 | 55.56 |
| 4 | लूट | 500 | 35 | 9.38 | 103 | 138 | 235 | 69.53 | 127 | 25.40 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 2315 | 1095 | 63.08 | 72 | 1167 | 569 | 88.77 | 579 | 25.01 |
| 6 | बलात्कार | 1301 | 382 | 38.31 | 1 | 383 | 614 | 99.84 | 304 | 23.37 |
| 7 | बलवा | 515 | 89 | 20.09 | 0 | 89 | 354 | 100.00 | 72 | 13.98 |
| 8 | नकबजनी | 3283 | 120 | 4.34 | 1777 | 1897 | 867 | 32.79 | 519 | 15.81 |
| 9 | चोरी | 14535 | 772 | 5.87 | 9627 | 10399 | 2755 | 22.25 | 1381 | 9.50 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 89292 | 26076 | 32.98 | 2528 | 28604 | 50457 | 95.23 | 10231 | 11.46 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **113850** | **28802** | **28.81** | **14138** | **42940** | **57034** | **80.14** | **13876** | **12.19** |

- एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/ अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह अगस्त तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क्र. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 |
| 1 | डकैती | 7.14 | 0.00 | 100.00 | 87.50 | 88.79 | 71.48 |
| 2 | लूट | 6.06 | 9.38 | 66.82 | 69.53 | 73.65 | 41.53 |
| 3 | नकबजनी | 5.55 | 4.34 | 33.12 | 32.79 | 42.28 | 35.36 |
| 4 | चोरी | 6.36 | 5.87 | 21.93 | 22.25 | 54.41 | 54.88 |
| **5** | **योग भादसं.** | **28.12** | **28.81** | **79.59** | **80.14** | **55.42** | **53.28** |

भा.द.सं. के तहत माह अगस्त 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में माह अगस्त तक नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह अगस्त 2010, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 975 | 1037 | 891 | -84 | -146 | -8.62 | -14.08 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1056 | 1267 | 1316 | 260 | 49 | 24.62 | 3.87 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 383 | 369 | 387 | 4 | 18 | 1.04 | 4.88 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 97 | 117 | 116 | 19 | -1 | 19.59 | -0.85 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 22 | 36 | 13 | -9 | -23 | -40.91 | -63.89 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 23 | 28 | 29 | 6 | 1 | 26.09 | 3.57 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1232 | 2481 | 2217 | 985 | -264 | 79.95 | -10.64 |
| **8** | **योग** | **3788** | **5335** | **4969** | **1181** | **-366** | **31.18** | **-6.86** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह अगस्त )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अगस्त तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 8277 | 8101 | 9221 | 944 | 1120 | 11.41 | 13.83 |
| 2 | जुआ एक्ट | 8118 | 9863 | 9785 | 1667 | -78 | 20.53 | -0.79 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 2551 | 3036 | 3278 | 727 | 242 | 28.50 | 7.97 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 608 | 829 | 969 | 361 | 140 | 59.38 | 16.89 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 190 | 322 | 288 | 98 | -34 | 51.58 | -10.56 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 203 | 184 | 186 | -17 | 2 | -8.37 | 1.09 |
| 7 | अन्य एक्ट | 8682 | 11720 | 16696 | 8014 | 4976 | 92.31 | 42.46 |
| **8** | **योग** | **28629** | **34055** | **40423** | **11794** | **6368** | **41.20** | **18.70** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत अगस्त 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह अगस्त)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 9221 | 2 | 0.02 | 34 | 36 | 8883 | 99.62 | 302 | 3.28 |
| 2 | जुआ एक्ट | 9785 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 9751 | 100.00 | 34 | 0.35 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 3278 | 1 | 0.03 | 15 | 16 | 3110 | 99.52 | 152 | 4.64 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 969 | 3 | 0.45 | 15 | 18 | 653 | 97.75 | 298 | 30.75 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 288 | 0 | 0.00 | 7 | 7 | 263 | 97.41 | 18 | 6.25 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 186 | 6 | 5.04 | 1 | 7 | 112 | 99.12 | 67 | 36.02 |
| 7 | अन्य एक्ट | 16696 | 5517 | 36.04 | 1129 | 6646 | 8660 | 88.47 | 1390 | 8.33 |
| **8** | **योग एक्ट** | **40423** | **5529** | **14.49** | **1201** | **6730** | **31432** | **96.32** | **2261** | **5.59** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह अगस्त 2010, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 48 | 52 | 49 | 1 | -3 | 2.08 | -5.77 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 11 | 17 | 19 | 8 | 2 | 72.73 | 11.76 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 1185 | 1380 | 1303 | 118 | -77 | 9.96 | -5.58 |
| 4 | बलात्कार | 131 | 196 | 155 | 24 | -41 | 18.32 | -20.92 |
| 5 | छेड़छाड़ | 193 | 254 | 229 | 36 | -25 | 18.65 | -9.84 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 197 | 277 | 228 | 31 | -49 | 15.74 | -17.69 |
| 7 | अन्य | 57 | 92 | 79 | 22 | -13 | 38.60 | -14.13 |
| **8** | **कुल योग** | **1822** | **2268** | **2062** | **240** | **-206** | **13.17** | **-9.08** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह अगस्त)

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अगस्त तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 285 | 315 | 360 | 75 | 45 | 26.32 | 14.29 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 99 | 115 | 138 | 39 | 23 | 39.39 | 20.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 7176 | 7904 | 8365 | 1189 | 461 | 16.57 | 5.83 |
| 4 | बलात्कार | 1054 | 1099 | 1301 | 247 | 202 | 23.43 | 18.38 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1783 | 1607 | 1773 | -10 | 166 | -0.56 | 10.33 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1716 | 1805 | 1957 | 241 | 152 | 14.04 | 8.42 |
| 7 | अन्य | 521 | 513 | 634 | 113 | 121 | 21.69 | 23.59 |
| **8** | **कुल योग** | **12634** | **13358** | **14528** | **1894** | **1170** | **14.99** | **8.76** |

- महिला अत्याचार के तहत अगस्त 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **"ग"** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2011 माह अगस्त तक)

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 360 | 66 | 25.10 | 0 | 66 | 197 | 100.00 | 97 | 26.94 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 138 | 21 | 19.81 | 0 | 21 | 85 | 100.00 | 32 | 23.19 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 8365 | 3455 | 47.89 | 0 | 3455 | 3759 | 100.00 | 1151 | 13.76 |
| 4 | बलात्कार | 1301 | 382 | 38.31 | 1 | 383 | 614 | 99.84 | 304 | 23.37 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1773 | 403 | 24.06 | 2 | 405 | 1270 | 99.84 | 98 | 5.53 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1957 | 952 | 63.85 | 62 | 1014 | 477 | 88.50 | 466 | 23.81 |
| 7 | अन्य अभियोग | 634 | 149 | 28.22 | 12 | 161 | 367 | 96.83 | 106 | 16.72 |
| **8** | **कुल योग** | **14528** | **5428** | **44.22** | **77** | **5505** | **6769** | **98.88** | **2254** | **15.51** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह अगस्त 2010, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 |
| 1 | हत्या | 7 | 8 | 2 | -5 | -6 | -71.43 | -75.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 2 | 4 | 1 | 2 | 33.33 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 17 | 26 | 21 | 4 | -5 | 23.53 | -19.23 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 4 | 1 | 0 | -3 | 0.00 | -75.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 426 | 513 | 448 | 22 | -65 | 5.16 | -12.67 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 11 | 9 | 15 | 4 | 6 | 36.36 | 66.67 |
| **8** | **कुल योग** | **465** | **562** | **491** | **26** | **-71** | **5.59** | **-12.63** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह अगस्त)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अगस्त तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 42 | 32 | 38 | -4 | 6 | -9.52 | 18.75 |
| 2 | गम्भीर चोट | 47 | 31 | 40 | -7 | 9 | -14.89 | 29.03 |
| 3 | बलात्कार | 113 | 133 | 151 | 38 | 18 | 33.63 | 13.53 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 33 | 22 | 20 | -13 | -2 | -39.39 | -9.09 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 3126 | 3057 | 3151 | 25 | 94 | 0.80 | 3.07 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 80 | 72 | 76 | -4 | 4 | -5.00 | 5.56 |
| **8** | **कुल योग** | **3441** | **3347** | **3476** | **35** | **129** | **1.02** | **3.85** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह अगस्त 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2011 (माह अगस्त)

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 38 | 6 | 22.22 | 0 | 6 | 21 | 100.00 | 11 | 28.95 |
| 2 | गम्भीर चोट | 40 | 9 | 31.03 | 0 | 9 | 20 | 100.00 | 11 | 27.50 |
| 3 | बलात्कार | 151 | 39 | 34.21 | 0 | 39 | 75 | 100.00 | 37 | 24.50 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 20 | 10 | 55.56 | 1 | 11 | 7 | 87.50 | 2 | 10.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 3151 | 1478 | 61.43 | 7 | 1485 | 921 | 99.25 | 745 | 23.64 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 76 | 42 | 82.35 | 0 | 42 | 9 | 100.00 | 25 | 32.89 |
| **8** | **कुल योग** | **3476** | **1584** | **59.89** | **8** | **1592** | **1053** | **99.25** | **831** | **23.91** |

# अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह जुलाई 2011 एवं माह अगस्त 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:—

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह अगस्त 2010, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 | अगस्त 2010 से अगस्त 2011 | जुलाई 2011 से अगस्त 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 2 | 1 | -1 | -1 | -50.00 | -50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 2 | 4 | 1 | 2 | 33.33 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 0 | 3 | 4 | 4 | 1 | 400.00 | 33.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 117 | 114 | 110 | -7 | -4 | -5.98 | -3.51 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 3 | 0 | 1 | -2 | 1 | -66.67 | 100.00 |
| **8** | **कुल योग** | **125** | **121** | **120** | **-5** | **-1** | **-4.00** | **-0.83** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह अगस्त )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह अगस्त तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 6 | 15 | 12 | 6 | -3 | 100.00 | -20.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 16 | 22 | 16 | 0 | -6 | 0.00 | -27.27 |
| 3 | बलात्कार | 29 | 25 | 36 | 7 | 11 | 24.14 | 44.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 40.00 | 75.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 783 | 780 | 778 | -5 | -2 | -0.64 | -0.26 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 15 | 20 | 12 | -3 | -8 | -20.00 | -40.00 |
| **8** | **कुल योग** | **854** | **866** | **861** | **7** | **-5** | **0.82** | **-0.58** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह अगस्त)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 12 | 1 | 20.00 | 0 | 1 | 4 | 100.00 | 7 | 58.33 |
| 2 | गम्भीर चोट | 16 | 1 | 9.09 | 0 | 1 | 10 | 100.00 | 5 | 31.25 |
| 3 | बलात्कार | 36 | 4 | 16.67 | 0 | 4 | 20 | 100.00 | 12 | 33.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 7 | 4 | 66.67 | 0 | 4 | 2 | 100.00 | 1 | 14.29 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 778 | 388 | 66.44 | 2 | 390 | 194 | 98.98 | 194 | 24.94 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 12 | 10 | 83.33 | 0 | 10 | 2 | 100.00 | 0 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **861** | **408** | **63.55** | **2** | **410** | **232** | **99.15** | **219** | **25.44** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह अगस्त 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, जुलाई 2011 एवं अगस्त 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अगस्त 2010 | जुलाई 2011 | अगस्त 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/ बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 12402 | 14747 | 13105 | 91901 | 91252 | 238500 | 209589 | 117 | 140 | 28654 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2014 | 2361 | 2229 | 16461 | 17037 | 22685 | 22189 | 0 | 3 | 493 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 1432 | 1646 | 1016 | 10770 | 11755 | 11755 | 10765 | 0 | 90 | 900 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 42 | 188 | 87 | 326 | 629 | 825 | 441 | 0 | 5 | 379 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 61 | 65 | 36 | 200 | 515 | 992 | 477 | 0 | 0 | 515 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 44 | 58 | 68 | 295 | 378 | 1923 | 868 | 0 | 15 | 1040 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 6 | 4 | 3 | 8 | 30 | 30 | 0 | 0 | 0 | 30 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 3130 | 5523 | 4219 | 32338 | 44309 | 46330 | 44228 | 0 | 0 | 2102 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 163 | 34 |
| 2011 (अगस्त ) | 139 | 62 | 77 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( अगस्त तक) | 16604 | 6242 | 21633 |
| 2 | 2011 ( अगस्त तक ) | 15965 | 6303 | 20275 |

माह अगस्त 2011 में कुल 1821 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1859 एवं अगस्त 2010 में 1799 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा कमी एवं अगस्त 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में वृद्धि रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अगस्त तक कुल 15965 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 16604 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 639 (3.84 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2011 में अब तक 1160 भगौड़े 573 घोषित अपराधी तथा 8859 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2011 में अब तक 1754 भगौड़े, 753 घोषित अपराधी एवं 16956 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

# उपलब्धियाँ माह अगस्त– 2011

**डकैती:–**

- दिनांक 04.08.2011 को जिला धौलपुर थाना बसईडॉग पुलिस ने सूत्र सूचना पर दस्यु राजेन्द्र गुर्जर व उसके 5–6 साथियों का जंगल में छुपे होने की सूचना पर एडीएफ टीम तलाश करती हुई जंगल में पहुंची। बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने ललकारते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किये। दस्यु घने जंगल की ओर भाग गये जिनमें से एक दस्यु को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।
- दिनांक 09.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बस्सी पुलिस ने इलाहाबाद से घुमकर वापस जयपुर आ रहे व्यक्तियों को 5–6 व्यक्तियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर मारपीट कर एक महिला को जबरदस्ती गाड़ी में डालकर गाड़ी ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया व अपहृत एक लड़की व एक पुरूष को दस्तयाब किया।
- दिनांक 10.08.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 पर झाड़ियों के पीछे 6–7 लोगों को डकैती की योजना बनाते हुए को चारो तरफ से घेरकर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनकी दौराने तलाशी एक कट्टा 315 बोर मय 2 कारतूस, एक कट्टा 12 बोर मय 2 कारतूस, एक साईकिल की चैन, एक चाकू, एक लोहे का सरिया, एक लाठी, एक टार्च व एक रस्सी बरामद की।

**लूट:–**

- दिनांक 01.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाज नगर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से प्रकरणों में लूटी गई 4 सोने की चैने बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.08.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना कालवाड़ व मुरलीपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर चैन स्नैचर राजू बावरिया व अन्य 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 9 अभियोगों का खुलासा करते हुए अभियुक्तों से 3 मुरलीपुरा, 2 वैशालीनगर, एक सिन्धीकैम्प व 2 ज्योतिनगर थानों में हुई वारदातों में चोरी गया माल मसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.08.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना कुशलगढ़ पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट कर चॉदी के जेवर व नकदी कीमतन 2 लाख रूपये लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मालमसरूका कीमतन 1.50 लाख रूपये का बरामद किया। अनुसंधान जारी है।
- दिनांक 17 व 19.08.2011 को जिला झालावाड़ थाना झालरापाटन पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोगों में 5 अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटरसाईकिल, 3 मोबाइल, 4750 रूपये नकद मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.08.2011 को जिला झुन्झुनु थाना पिलानी पुलिस ने ग्राम डुलानिया ग्रामीण बैक में 3 लूटेरों द्वारा बैंक लूटने की नियत से हथियारों सहित बैक में घूसे। जिनमें से एक लूटेरा दरवाजे पर खड़ा हो गया एवं एक लूटेरे ने बैंक मैनेजर पर पिस्टल तानकर बैक स्टाफ व ग्राहकों को डराया। बैक मैनेजर व केशियर ने बहादुरी का परिचय देते हुए एक लूटेरे को दबोच लिया व बैंक का सायरन बजा दिया जिससे बैंक के आस–पास के लोग भागकर आये व बैक के नीचे उतर रहे लूटेरों को पकड़ लिया। एक लूटेरा भागने में सफल हो गया जिसका पुलिस ने पीछा कर घटना स्थल से 20 किलोमीटर दूर पकड़ लिया। इस तरह बैक कर्मियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने बैक लूट की वारदात को विफल कर दिया।
- दिनांक 24, 27 व 28.08.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना मुरलीपुरा पुलिस ने मोबाइल छीनने के दर्ज अभियोग में एक बाल अपचारी सहित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूटे गये माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 25.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से लूटी गई एक सोने की चैन बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.08.2011 जिला करौली थाना केलादेवी पुलिस ने दो ट्रेक्टरों की लूट के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**हत्याः—**

- दिनांक 03.08.2011 को जिला झुन्झुनू थाना बिसाऊ पुलिस ने कुए में लाश पड़ी होने की सूचना पर तुरन्त मौके पर पहुंचे तो पाया की लाश को सड़क से कुए तक घसीटकर ले जाने के निशान थे। लाश को नग्न अवस्था में निकलवाया व शिनाख्ती कर हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ़ थाना निम्बाहेड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक महिला की सिर में पत्थर की चोट मारकर हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक बाल अपचारी सहित कुल 2 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफातर किया।
- दिनांक 07.08.2011 को जिला दौसा थाना कोतवाली पुलिस ने दो गुटों में आपसी झगड़े की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची व घायलों को अस्पताल ले जाया गया जिस पर दौराने इलाज एक व्यक्ति की मौत हो जाने के दर्ज अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.08.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना चेचट पुलिस ने दिनांक 25.04.2011 को गोली मारकर हत्या कर देने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना आकोला पुलिस ने एक महिला की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार कर उसके रिहायशी मकान से 49 हजार रूपये नकद, मृतका की चॉदी के पायजेब व मोबाइल बरामद किया।
- दिनांक 11.08.2011 को जिला झुन्झुनू थाना उदयपुरवाटी पुलिस ने जरिये टेलिफोन एक व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाये जाने पर हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.08.2011 को जिला अलवर थाना गोविन्दगढ़ पुलिस ने दिनांक 05.08.2011 को एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना आदर्शनगर पुलिस ने दशहरा मैदान में एक व्यक्ति को जान से मारने व पर्स व मोबाइल लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 24.08.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली पुलिस ने दिनांक 31.07.2011 को रेल्वे स्टेशन सीकर के पास नाले में कई दिन पुरानी एक व्यक्ति की अर्द्धनग्न अवस्था में मिली लाश के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 01.08.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना मानसरोवर पुलिस ने न्यू आतिश मार्केट मानसरोवर में स्थिति आईसीआईसीआई के एटीएम में रकम चुराये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे 10,71,600/—रूपये नकद व वारदात में प्रयुक्त दो कार व दो पिस्टल मय कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01.08.2011 को जिला जालोर थाना रानीवाड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी के दर्ज अभियोग मे दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों के कब्जे से 8.38 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.08.2011 को जिला जयपुर थाना विश्वकर्मा पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकबजनी के दर्ज अभियोग में चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 04.08.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना गढी पुलिस ने दिनांक 17.07.2011 की रात्रि को मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर कम्प्यूटर, एलसीडी मोबाइल व 870 रूपये नकद चुराकर ले जाने के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को नामजद कर चोरी गया मालमसरूका कीमतन 70 हजार रूपये बरामद किये।

- दिनांक 07 व 11.08.2011 को जिला पाली थाना सिरियारी व सोजतसिटी पुलिस ने दो अभियोगों में 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका सोने–चॉदी के जेवरात कीमतन 2 लाख रूपये व एक सोने की कन्ठी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 13.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना नाहरगढ व रामगढ़ पुलिस ने अलग–अलग अभियोगों में 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 4 लाख रूपये व 125 साड़िया बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.08.2011 को जिला अलवर थाना मालाखेड़ा पुलिस ने दिनांक 05.08.2011 को राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय, भण्डोडी में हुई चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से 14 मोनीटर, 14 सीपीयू, 2 यूपीएस, 1 प्रिन्टर, की–बोर्ड, बैट्री, स्केनर, प्रोजेक्टर व वारदात में प्रयुक्त की गई मारूती वेन गाड़ी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिन्होने कई अन्य विद्यालयो से चोरी करना कबूल किया।
- दिनांक 15.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना प्रतापनगर पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक बाल अपचारी सहित कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराये गये जेवरात, मोटरसाईकिल व अन्य घरेलु सामान बरामद कर 3 घटनाओं का पर्दाफााश किया।
- दिनांक 27.08.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना मानसरोवर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक लेपटाप व 6 हजार रूपये नकद बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**अपहरणः–**

- दिनांक 07, 09 व 24.08.2011 को जिला दौसा थाना मण्डावर, बॉदीकुई व महुवा पुलिस ने अलग–अलग अभियोगों में भगवईयां तीन महिलाओं को दस्तयाब कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः–**

- दिनांक 26.08.2011 को जिला दौसा थाना नांगल राजावतान पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से नकली बिडियों के करीब 90 हजार बन्डल व बिडी पैकिंग में काम आने वाली सामग्री बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**जालीनोटः–**

- दिनांक 17.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चन्देरिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर बडोदिया व बोरदा के बीच पारोली तिराहे पर बने यात्री प्रतिक्षालय में एक व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली तो उसकी जेब से 500 के 22 नकली नोट व 100 रूपये के 18 नकली नोट कुल 12800 रूपये के नकली नोट बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 08.08.2011 को जिला धौलपुर थाना निहालगंज पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक ईनामी बदमाश को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 से गिरफ्तार कर उसकी तलाशी में एक अवैध कट्टा 315बोर मय 2 कारतूस तथा 2 कारतूस 12बोर बरामद किये। यह बदमाश उक्त हथियार अन्तर्राज्यी ईनामी दस्यु राजेन्द्र गुर्जर को देने जा रहा था। गिरफ्तार बदमाश पर पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर से 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 17.08.2011 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी में एक अवैध कट्टा 315 बोर मय 2 कारतूस बरामद किये। गिरफ्तार बदमाश पर पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर से 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 17.08.2011 को जिला धौलपुर सीआईयू व एडीएफ टीम ने एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाश पर पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर से 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 17.08.2011 को जिला करौली थाना टोडाभीम पुलिस ने घेराबन्दी कर एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी दौराने तलाशी एक देशी कट्टा 315 बोर मय 2 कारतूस व एक खाली कारतूस बरामद किया। इस अभियुक्त पर पुलिस अधीक्षक जिला करौली द्वारा 500/–रूपये का ईनाम घोषित था।

- दिनांक 24.08.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना खण्डार पुलिस ने एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिस पर कई जिलों में लूटपाट, डकैती, नकबजनी व पुलिस मुठभेड़ के 9 प्रकरण दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर से 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः–**

- दिनांक 02, 07, 20 व 25.08.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना सवाई माधोपुर, मारवाड़ जक्शन, जयपुर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए चोरी के दर्ज अभियोगों में 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 03.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना गांधी नगर पुलिस ने एक महिला को जूस में नींद की गोलियां पिलाकर बेहोश कर उसकी अलमारी में रखे 21 लाख रूपये चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दिनांक 07.08.2011 को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी गये 21 लाख रूपये बरामद किये।
- दिनांक 05 व 06.08.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने चोरी के दर्ज तीन अभियोगों में कुल 8 अभियुक्तों से चोरी गया माल मसरूका 94 हजार रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना संजय सर्किल व नाहरगढ पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 33 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15 व 23.08.2011 को जिला झालावाड़ थाना असनावर व झालरापाटन पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 7 अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटरसाईकिल व 4 टायर कीमतन 40 हजार रूपये के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.08.2011 को जिला दौसा थाना बॉदीकुई पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एटीएम मशीन से चुराये गये 1.14 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.08.2011 को जिला करौली थाना हिण्डौनसिटी पुलिस ने एक ट्रक 18 चक्का में 11 गठ्ठा तार एल्यूमिनियम के चोरी होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 70 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 व 25.08.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना सदर पुलिस ने दिनांक 22 व 23 तारीख को दो सबमर्सिबल मोटर चोरी के अभियोगों में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 26 व 28.08.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना मेड़ता रोड व सादुलपुर पुलिस ने चोरी की वारदात करते हुए रंगे हाथ पकड़कर 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 25 हजार रूपये बरामद किये।
- दिनांक 27 व 29.08.2011 को जिला दौसा थाना रामगढ़ पचवारा, बॉदीकुई व महुवा पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 1.08 लाख रूपये नकद व कम्प्यूटर बरामद किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01.08.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 06, 07, 10, 11, 14 व 29.08.2011 को जिला भरतपुर थाना चिकसाना, सेवर, सीकरी व डीग पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त 11 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन एक ट्रेक्टर मेशी, एक बोलेरो कार व 6 मोटरसाईकिले बरामद की। इनकी तालशी में दो देशी कट्टे 315 बोर मय 7 कारतूस बरामद किये गये।
- दिनांक 01, 02, 07, 09, 14, 15, 22 व 27.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना रामंगज, माणक चौक, शास्त्री नगर, विद्याधर नगर, भट्टाबस्ती व गलतागेट पुलिस ने 8 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 8 मोटरसाईकिले व एक कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 02.08.2011 को जिला जालोर थाना चितलवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई एक बोलेरो कार बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 06, 07 व 15.08.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना विधायकपुरी, शिप्रापथ, श्यामनगर, मानसरोवर व चाकसू पुलिस ने 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक जीप, मोटरसाईकिल व एक ट्रक की बैट्री बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 07, 11, 17 व 30.08.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली व शाहपुरा पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए कुल 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक ट्रोला मय ट्राली, एक कार, एक जीप व 26 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना आदर्श नगर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चुराई गई 9 मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13, 15 व 26.08.2011 को जिला दौसा थाना सिकन्दरा, नांगलराजावतान, बॉदीकुई, महुवा व कोतवाली पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 8 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन दो ट्रेक्टर मय एक ट्रोली, एक मारूती वेन एवं 5 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24, 25, 26.08.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना बनीपार्क, वैशालीनगर, विश्वकर्मा, झोटवाड़ा, हरमाड़ा पुलिस ने वाहन चोरी में लिप्त कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई 16 मोटरसाईकिले, एक ट्रक मय 25 लाख रूपये का मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

<u>अवैध शराबः</u>–

- दिनांक 01, 16 व 19.08.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा व कोटपूतली पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 4 अभियुक्तों से 143 बोतल व 528 पव्वे शराब तथा 107 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 09, 12 व 14.08.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1692 बोतल व 2544 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.08.2011 को जिला सीकर थाना नेछवा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने रहवासी घर की तालशी में विभिन्न ब्राण्डों की 145 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तथा मकान के पास स्थित बाड़े में देशी शराब बनाने की भट्टी चालू हालत में मिली व एक अभियुक्त को 5 लीटर देशी शराब सहित गिरफ्तार कर अलग–अलग दो अभियोग दर्ज किये।
- दिनांक 08.08.2011 को जिला हनुमानगढ़ थाना रावतसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 9600 बोतल अंग्रेजी शराब व 5400 केन बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बड़ीसादड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रहवासी मकान में पहुंचे तो मकान के आगे व पीछे के गेट खुले पड़े थे। पुलिस को देखकर मकान मालिक पीछे के दरवाजे से खेतों में भाग गया। मकान की तलाशी में कमरे के अन्दर 22 कार्टून अंग्रेजी शराब के पाये गये जिनमें कुल 1056 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद की।
- दिनांक 09, 10, 12, 19 व 22.08.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ़, भानीपुरा व साण्डवा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 24 बोतल व 432 पव्वे अंग्रेजी शराब, 996 बोतल बीयर, 58 पेटी, 240 बोतल एवं 3148 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 21 व 28.08.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना श्यामनगर, सांगानेर, मुहाना व चाकसू पुलिस ने दो वाहनों सहित 6 अभियुक्तों से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 888 कार्टून अंग्रेजी शराब, 517 पव्वे देशी शराब व 155 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 12, 24 व 27.08.2011 को जिला बाड़मेर थाना मण्डली, शिव व चौहटन पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1740 बोतल, 39728 पव्वे अंग्रेजी शराब व 7380 बीयर बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.08.2011 को जिला गंगानगर थाना जवाहर नगर पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 233 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.08.2011 को जिला नागौर थाना पीलवा पुलिस ने अवैध शराब की धरपकड़ हेतु दबिश दिये जाने पर 265 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की एवं 10 हजार लीटर वाश नष्ट की।
- दिनांक 28 व 29.08.2011 को जिला चूरू थाना सुजानगढ व राजगढ़ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2515 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 38 कार्टून देशी शराब बरामद कर 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.08.2011 को जिला जालोर थाना करड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रहवासी मकान की तलाशी में अवैध रूप से रखी गई 1236 बोतल, 20112 पव्वे अंग्रेजी शराब व 1872 टीन बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अगस्त 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 892 प्रकरण दर्ज कर 922 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 74490 बोतल अंग्रेजी शराब 6328 बोतल देशी शराब 6023 बोतल कच्ची शराब एवं 19467 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह अगस्त तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 9222 प्रकरण दर्ज कर, 9457 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 651876 बोतल अंग्रेजी शराब, 100520 बोतल देशी शराब, 50894 बोतल कच्ची शराब एवं 237385 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः–**

- दिनांक 01, 02, 07 व 11.08.2011 को जिला चूरू थाना तारानगर, दुधवाखारा व राजगढ़ पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 789 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 03, 11, 12, 15, 17, 23, 24, 27, 29 व 31.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेड़ा, बड़ीसादड़ी, चन्देरिया, गंगरार, भादसोड़ा, कपासन, शम्भूपुरा, चित्तौड़गढ व मंगलवाड़ पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों सहित कुल 18 अभियुक्तों से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 15.630 किलोग्राम अफीम, 799.220 किलोग्राम डोडापोस्त, 371 ग्राम स्मैक व 6 गांजे के पौधे वजनी 7 किलोग्राम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.08.2011 को जिला दौसा थाना महुवा पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 130 ग्राम चरस, 240 किलोग्राम डोडा पोस्त एवं 10.500 किलोग्राम डोडा पोस्त का चूरा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 07.08.2011 को जिला हनुमानगढ़ थाना हनुमानगढ़ जक्शन पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से छुपाई हुई 4.050 किलोग्राम अफीम बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 21.08.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना कोटा व अजमेर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से एक किलोग्राम अफीम एवं 5 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.08.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बालेसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 17 क्विंटल 45 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.08.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर छोटे रेल्वे लाईन के पास एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 8.00 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 09, 24 व 28.08.2011 को जिला जालोर थाना नोसरा, आहोर व झाब पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 800 ग्राम अफीम का दुध व 500 अफीम व 2790 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13 व 24.08.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर व कालवाड़ पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 4.700 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.08.2011 को जिला झालावाड़ थाना भवानीमण्डी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एमपी निवासी दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2.00 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.08.2011 को जिला गंगानगर थाना घड़साना पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 5.500 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 19.08.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना सुकेत व रामगंजमण्डी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 132 ग्राम गांजा व 4.400 डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.08.2011 को जिला पाली थाना कोतवाली पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 460 ग्राम अफीम बरामद की।
- दिनांक 22.08.2011 को जिला नागौर थाना मुण्डवा पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 19 बोरो में 4944 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना सांगानेर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध परिवहन करते हुए 5.500 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26 व 27.08.2011 को जिला प्रतापगढ थाना धौलापानी व हथुनिया पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों एवं एक रिहायशी मकान में अवैध रूप से रखा गया 6247.00 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अगस्त 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 116 प्रकरण दर्ज कर, 143 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.509 कि.ग्राम स्मैक, 0.003 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर, 0.130 कि.ग्रा. चरस, 36.690 कि.ग्रा. अफीम, 184.817 कि0ग्रा0 गांजा व 19433.230 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह अगस्त तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 969 प्रकरण दर्ज कर 1118 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 1.432 कि0ग्रा0 ब्राउन शुगर, 2.700 कि0ग्रा0 हेरोईन, 6.130 कि.ग्रा0 स्मैक, 8.311 कि.ग्रा0 चरस 730.988 कि0ग्रा0 अफीम, 1328.605 कि0ग्रा0 गांजा व 90709.418 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :–</u>**

- दिनांक 12.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना सुभाष चौक पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक पिस्टल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14 व 19.08.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना मलारना डूंगर व गंगापुरसिटी पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी कट्टा 12बोर व एक टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्तों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17,18 व 25.08.2011 को जिला करौली थाना टोडाभीम, नादौती व कोतवाली पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध चार देशी 315 बोर, 8 कारतूस 315बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.08.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना सोड़ाला पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा मय 3 कारतूस तथा एक पिस्टल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 25.08.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना मलारना डूँगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा 12 बोर मय एक कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अगस्त 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 387 प्रकरण दर्ज कर 395 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 12 बन्दूकें, 62 रिवाल्वर/कट्टे, 186 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अगस्त तक आर्म्स एक्ट के तहत 3278 प्रकरण दर्ज कर 3353 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 179 बन्दूकें, 589 रिवाल्वर/कट्टे, 1373 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**<u>अवैध विस्फोटक :–</u>**

राज्य में माह अगस्त 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 13 प्रकरण दर्ज कर 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 5050 जिलेटिन, 1436 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अगस्त तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 288 प्रकरण दर्ज कर 301 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 160098 जिलेटिन, 31760 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**<u>जुआ/सट्टाः–</u>**

- दिनांक 01, 14, 19 व 29.08.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर नगर, मालवीय नगर, आदर्श नगर व सांगानेर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 22 अभियुक्तों के कब्जे से 62,730/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 07, 15, 19 व 30.08.2011 को जिला गंगानगर थाना विजयनगर, जवाहरनगर, सूरतगढ़ व कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेतले हुए 16 अभियुक्तों के कब्जे से 1,12,895/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 13, 28.08.2011 को जिला टोंक थाना सौप देवली व कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 20 अभियुक्तों के कब्जे से 28960/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.08.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से 7210/–रूपये जुआ/सट्टा राशि व सट्टे की पर्चियां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 14, 19, 20, 22, 24 व 28.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना भट्टाबस्ती, जालुपुरा, कोतवाली व माणक चौक पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 16 अभियुक्तों के कब्जे से 21530/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 12, 15 व 17.08.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना आमेर व रामगंज पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 26 अभियुक्तों के कब्जे से 2,93,020/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.08.2011 को जिला सीकर थाना नीमकाथाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 18300/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 11.08.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धीकैम्प, बगरू, विश्वकर्मा, चौमू व झोटवाड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 41 अभियुक्तों के कब्जे से 29965/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 16, 17, 22, 23, 25 व 31.08.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना सादुलपुर, रतनगढ़, हनुमानगढ, बीकानेर गंगानगर व जोधपुर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 16 अभियुक्तों के कब्जे से 1570/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.08.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 1000/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अगस्त 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1316 प्रकरण दर्ज कर, 2567 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 17 लाख 98 हजार 242 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अगस्त तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 9785 प्रकरण दर्ज कर 18369 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 1 करोड़, 54 लाख 77 हजार 995 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः–**

- दिनांक 14.08.2011 को जिला सीकर थाना नीमकाथाना पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 6 ड्रमों में करीब 1320 लीटर डीजल बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.08.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ़ पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 40 गैस सिलेण्डर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.08.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से बिना लाईसेन्स 1760 लीटर डीजल व 200 लीटर पेट्रोल बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.08.2011 को जिला नागौर थाना नागौर पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन की तलाशी में 4 व्यक्तियों के कब्जे से कुल 8.167 किलोग्राम चॉदी जिसमें 16 बिस्कीट एवं 1 पुडिया में कुछ चॉदी के दाने मिले जिनका बिल पूछे जाने पर नही होना बताया। 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वाहन व चॉदी 102 द.प्र.सं. में गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।